>**Title:** Need to ban the illegal sale/transplantation of Kidneys in Hospitals.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश के कोने-कोने से, गरीब व्यक्तियों को दिल्ली लाकर गुर्दे का प्रत्यारोपण कराया जा रहा है। गरीब लोगों को मुश्किल से 50-60 हजार रुपये दिये जा रहे हैं और बड़े-बड़े नर्सिंग होम्स में बड़े-बड़े डाक्टर लोग चार-पांच लाख रुपये लेकर गुर्दे बेचने का काम कर रहे हैं जो कि गैर कानूनी है। मैं सरकार का ध्यान इस तरफ खींचना चाहता हूं कि जो गरीब व्यक्तियों को खून बेचने पर मजबूर किया जा रहा है, शरीर के अंग बेचने पर मजबूर किया जा रहा है, उन पर रोक लगाई जाए और अगर कोई आदमी अपना गुर्दा बेचना भी चाहता है तो सरकारी अस्पतालों में ऐसा किया जाए और जो भी बाजार रेट हो, उसको दिया जाए जिससे उस गरीब को उचित पैसा भी मिल जाए और नर्सिंग होम वाले जो कर रहे हैं, उन पर प्रतिबंध लगाया जाए और जो डाक्टर ऐसी गलती कर रहे हैं, उनकी डिग्री ज़ब्त की जाए।